>

Title: Need to construct a Railway-Over-Bridge near the 'dargah' of Haji Waris Ali at Barabanki, Uttar Pradesh.

*mo1

श्री कमला प्रसाद रावत (बाराबंकी): अध्यक्ष महोदय, बाराबांकी (उत्तर प्रदेश) रेलवे स्टेशन बाराबंकी जंक्शन के समीप पूर्वोत्तर रेलवे और उत्तरी रेलवे फाटक (समपार) में अंतर्राष्ट्रीय हाजी वारीस अली का दरगाह है और यहां अंतर्राष्ट्रीय मेला देवा में लगता है तथा यह रेलवे फाटक बाराबंकी की तहसील फतेहपुर एवं सीतापुर जिले की तहसील महमूदाबाद, नेपालगंज (नेपाल) व जिला लखीमपुर का छोटा रूट है जो शहरों को भी जोड़ता है परंतु इस पर ओवरब्रिज न होने की वजह से दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है क्योंकि इस पर रोजाना सैंकड़ों रेलगाड़ियाँ पूर्वोत्तर रेलवे तथा उत्तर रेलवे की गाड़ियां गुजरती हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार अपना हिस्सा देने के लिए सहमत है क्योंकि इसकी परिस्थिति को जानती है। यदि रेलवे अपना हिस्सा दें तो ओवरब्रिज का निर्माण हो सकता है।

अतः अपनी स्वीकृति प्रदान करने का कष्ट करें।